# GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 7 जन्मभूमि

**GSEB Class 10 Hindi Solutions जन्मभूमि Textbook Questions and Answers**

## स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
जननी जन्मभूमि .......... से महान है ।
(अ) पृथ्वी
(ब) आकाश
(क) स्वर्ग
(ड) नर्क
उत्तर :
(क) स्वर्ग

प्रश्न 2.
'भारत का भाल' .......... है ।
(अ) हिमाचल
(ब) विंध्याचल
(क) माउन्ट आबू
(ड) गिरनार
उत्तर :
(अ) हिमाचल

प्रश्न 3.
गीता का गान करनेवाले .......... थे ।।
(अ) वाल्मिकी
(ब) द्रोणाचार्य
(क) अर्जुन
(ड) कृष्ण
उत्तर :
(ड) कृष्ण

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
जन-जन के हृदय में कौन-सी नदियाँ बसी हैं ?
उत्तर :
जन-जन के हृदय में गंगा-यमुना जैसी नदियाँ बसी हैं।

प्रश्न 2.
कृष्ण ने किस ग्रंथ की रचना की ?
उत्तर :
कृष्ण ने 'भगवद्गीता' ग्रंथ की रचना की।

प्रश्न 3.
'जन्मभूमि' में भारत की किन नारियों की बात बताई गई है ?
उत्तर :
'जन्मभूमि' काव्य में सावित्री और राधा जैसी महान नारियों की एवम् तपस्विनी अहल्या की बात बताई गई है।

प्रश्न 4.
शांतिनिकेतन क्या है ?
उत्तर :
शांतिनिकेतन एक तपोवन है, जहाँ ज्ञानी ऋषि-मुनि ध्यानमग्न होकर ज्ञानरूपी नभमंडल में विचरण करते है।

## 3. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
हिमालय के बारे में जन्मभूमि कविता में क्या कहा है ?
उत्तर :
पर्वतराज हिमालय हमारे देश का गौरव है। यह संसार के सब पर्वतों से बड़ा और ऊंचा है। कविता में इसे भारत का गौरवशाली भाल (कपाल) कहा गया है।

प्रश्न 2.
कवि ने धरती के गुनगान कैसे गाये हैं ?
उत्तर :
कवि ने भारत की धरती को सुनहरी कहा है। कवि ने कहा है कि हमारी धरती सदा प्रफुल्लित और पुलकित रहती है। इस धरती को राम, लक्ष्मण और सीता अपने पैरों की धूल से पवित्र बना गए हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 3.

शांति, सत्य, अहिंसा का प्रचार करनेवाले 'भारतीय महापुरुषों' के नाम बताइए ।

उत्तर :

शांति, सत्य और अहिंसा का प्रचार करनेवाले भारतीय महापुरुषों के नाम हैं- गौतम बुद्ध, महावीर एवं महात्मा गांधी।

### 4. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

कवि ने जन्मभूमि को स्वर्ग से महान क्यों बताया है ?

उत्तर :

मनुष्य को अपनी जन्मभूमि से बहुत लगाव होता है। वह कहीं भी रहे, पर उसका मन अपनी जन्मभूमि में पहुंचने के लिए लालायित रहता है। अपनी जन्मभूमि की धरा, नदियाँ, पर्वत, महापुरुष, महान नारियाँ, परंपराएं, रीति-रिवाज उसे बाँधे रहते हैं। वह अपनी जन्मभूमि के लिए अपना सर्वस्व त्याग करने के लिए तैयार रहता है। इस तरह कवि ने जन्मभूमि को स्वर्ग से महान बताया है।

प्रश्न 2.

'जन्मभूमि' में भारत भूमि की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई है ?

उत्तर :

कवि ने भारतभूमि को स्वर्ग से भी महान बताया है। कवि ने हिमालय को भारतभूमि का भाल बताया है। यहाँ गंगा-यमुना जैसी पवित्र नदियाँ हैं। भारत की धरती सुनहरी और हरी-भरी है। राम-लक्ष्मण-सीता ने इसे अपने चरण-रज से पवित्र किया है। भगवान कृष्ण ने इस धरती पर 'भगवद्गीता' की रचना की थी। सावित्री, राधा तथा अहल्या जैसी महान नारियों की आभा से मानव-जाति आलोकित है। ऋषि-मुनियों ने ध्यान, तपस्या से अदभुत ज्ञान प्राप्त किए हैं। भारत जग में धातृ-भावना और 'वसुधैव कुटुंबकम्' के प्रसार की दिशा में कार्यरत है।

प्रश्न 3.

कविता के आधार पर भारतीय नारी की महानता का वर्णन कीजिए ।

उत्तर :

भारत में अनेक महान नारियां हुई हैं। सौता, सावित्री और अहल्या की गणना महान नारियों में की जाती है। सीताजी अपने पति राम के साथ 14 वर्ष वन में रहीं। इस दौरान उन्हें तरह-तरह के कष्ट सहने पड़े पर वे अपने पतिव्रत धर्म पर सदा अडिग रहीं और उनका जीवन भारतीय नारी के लिए आदर्श बन गया। सावित्री महान पतिव्रता नारी थीं। उन्होंने यम से अपने पति का प्राण छुड़वाया था। अहल्या गौतम ऋषि की पत्नी थीं। पति के शाप के कारण वे शिला बन गई थीं। श्रीराम के चरण-स्पर्श से अहल्या का उद्धार हुआ था। सीता, सावित्री और अहल्या हमारे देश की महान नारियाँ थीं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 4.
भारत 'विश्व शांतिदूत' क्यों कहलाता है ?
उत्तर :
भारत एक शांतिप्रिय देश है। सत्य, अहिंसा हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श सिद्धांत थे। हमारा देश इस आदर्श का अक्षरशः पालन करता है। जब भी कभी विश्व में किसी देश में शांति भंग होती है, तो भारत सबसे पहले आगे आकर शांति स्थापित करने की दिशा में पहल करता है। भारत की शांति-सेना राष्ट्रसंघ के तत्वावधान में शांति स्थापित करने का कार्य करती है। शांति स्थापित करने में सदा अग्रणी रहने के कारण भारत को 'विश्व शांतिदूत' कहा जाता है।

### 5. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए :

प्रश्न 1.
जिसका गौरव भाल हिमालय।'
उत्तर :
मनुष्य के शरीर में उसका भाल यानी कपाल सबसे महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। हिमालय संसार में सबसे बड़ा और सबसे ऊँचा पहाड़ है। इसे भारत का सिर कहा जाता है। इस तरह हिमालय भारत का गौरव है।

प्रश्न 2.
जड़ता बनी चेतना सरसी।'
उत्तर :
गौतम ऋषि की पत्नी तपस्विनी अहल्या पति के शाप के कारण शिला के रूप में परिवर्तित हो गई थी। एक जीती-जागती नारी चेतन से जड़ बन गई। वर्षों बाद राम के चरण-स्पर्श से वह पुनः चेतनावस्था में आई थी।

प्रश्न 3.
वह वसुधैव बना कुटुंबकम्।'
उत्तर :
आज चारों ओर युद्ध का माहौल है। पर भारत मानवजाति को युद्ध से छुटकारा दिलाने के लिए मंत्रोच्चार (सुझाव) के द्वारा विश्व में शांति का प्रचार करने में लगा है। वह पृथ्वी पर रहनेवाले सभी लोगों को परिवार की तरह मिल-जुलकर रहने की सीख दे रहा है।

### 6. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द दीजिए :

प्रश्न 1.

1. जननी

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. ज्योति
3. शिला
4. विचरण
5. गौरव
6. पुनीत

उत्तर :

1. जननी - माता
2. ज्योति - प्रकाश
3. शिला - पत्थर
4. विचरण - घूमना
5. गौरव - बड़प्पन
6. पुनीत - पवित्र

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in